हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 12 नवंबर 2026

06 मनुष्य जीवन अनमोल, सच्चे मन से करें भगवान की भक्ति : मुनिश्री



09 भाई दूज के दिन बहनों ने भाईयों के मस्तक पर सजाए तिलक



समाचार संक्षेप

ग्वालियर में 29 नवंबर को 5 जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह

गुना। एम.डी.पी. फाउंडेशन, ग्वालियर के तत्वावधान में आगामी 29 नवंबर को 5 जोड़ों का सामूहिक शुभ विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन मराठा बोर्डिंग, जयेंद्रगंज, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) में संपन्न होगा। सामूहिक विवाह में जिन जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार होगा, उनमें गीता परिणय राहुल, साक्षी परिणय सत्यम, नीलम परिणय मनीष, नैंसी परिणय पंकज एवं गौरी परिणय दीपेश शामिल हैं। कार्यक्रम में सहयोगी संस्था महाराष्ट्र क्षत्रिय हित चिंतक सभा का विशेष सहयोग रहेगा। आयोजकों ने बताया कि सामूहिक विवाह का उद्देश्य समाज में एकता, सादगी और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। एम.डी.पी. फाउंडेशन और मराठा मैत्रिणी महिला मंडल ने सभी समाजबंधुओं, इष्ट मित्रों और शुभचिंतकों से कार्यक्रम में आकर नव दंपतियों को आशीर्वाद प्रदान करने का अनुरोध किया है।

रुठियाई में 14 को भव्यता के साथ मनेगा विमान महोत्सव

रुठियाई। जिले के रुठियाई स्थित सकल दिगंबर जैन समाज और ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी देवाधिदेव भगवान श्री आदिनाथ स्वामी का भव्य विमान महोत्सव 14 नवंबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस आयोजन को लेकर समाज में अभूतपूर्व उत्साह का माहौल है। इस ऐतिहासिक आयोजन में आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज के शिष्यों मुनिश्री श्रमण सागर महाराज एवं मुनिश्री ओंकार सागर महाराज का संभावित सानिध्य प्राप्त होगा, जिनके सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। विमान महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम शनिवार को दोपहर 12 बजे से श्रीजी को विमान में विराजमान कर भव्य चल समारोह का शुभारंभ श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, नारौनी से किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे श्रीजी का विमान श्री मंगलोदय तीर्थ पहुंचेगा, जहां श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, फूलमाला अर्पण और विशेष प्रवचन होंगे। सायं 5 बजे विमान जी श्री मंगलोदय तीर्थ से वापस श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, नारौनी के लिए प्रस्थान करेगा। सकल दिगंबर जैन समाज रुठियाई प्रबंधकारिणी एवं श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट समिति ने समस्त साधर्मी महानुभावों से अपील की है कि वे सपरिवार पहुंचकर धर्मप्रभावना बढ़ाएं।

फुलवारी कॉलोनी में 14 नवंबर को अन्नकूट का आयोजन

गुना। श्रीराम जानकी मंदिर फुलवारी कालोनी गुना में छप्पन भोग एवं अन्नकूट का आयोजन 14 नवंबर को शाम पांच बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जा रहा है। मोहल्ला सुधार समिति फुलवारी कालोनी गुना के संयोजक अनिरुद्ध सिंह सेंगर ने बताया कि दोपहर में 3 बजे से श्रीराम जानकी मंदिर पर संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन रहेगा। समिति के सर्वश्री सत्यप्रकाश माथुर, चौथमल शर्मा, चन्द्र कांत गौर, रीतेश शर्मा, पवन कुमार, केएल नामदेव, बनवारीलाल दीक्षित, जगदीश धाकड़, सुरेश मीना, नवल किशोर मीना, राजबहादुर मीना, रमेश कटियार, मनोज श्रीवास्तव, अजब सिंह राजपूत, कृष्णा धाकड़, अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव, रमेश गुर्जर, सुनील शर्मा, अमित ओझा आदि ने अधिक से अधिक संख्या में पधारकर प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

पुराने जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, पांच घायल

गुना। जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सूजापुरा में पुराने जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। आरोपियों ने खेत पर जा रहे एक ही परिवार के पांच सदस्यों पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर लहूलुहान कर दिया। जानकारी के अनुसार, फरियादी सरवन उर्फ सोनू गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत सुबह वह अपने परिवार के साथ खेत की तरफ जा रहा था। रास्ते में पुराने विवाद को लेकर आकाश, दीपक, अनुराग और देवेंद्र ने रोककर गालियां दीं। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी, जिसमें सरवन, उसके भाई रवि, पिता श्याम लाल, पत्नी पुष्पा और बहू अनीता गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दीपोत्सव की छुट्टी के बाद आज से खुलेगी मंडी

मक्का की बंपर आवक से मंडी प्रांगण और दशहरा मैदान फुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में इस समय खरीफ फसल की कटाई और दीपावली के बाद कृषि उपज मंडियों में किसानों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। दीपोत्सव की 5-6 दिनों अवकाश के बाद गुरुवार मंडी खुलेगी। जिसके चलते बुधवार के दिन ही स्थिति यह हो गई कि न केवल कृषि मंडी प्रांगण बल्कि शहर का दशहरा मैदान भी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से पूरी तरह भर गया। मक्का की रिकॉर्ड तोड़ बंपर आवक के चलते गुना मंडी का पूरा व्यापारिक गणित ही बदल गया है, जिससे स्थानीय कारोबारियों से लेकर बाहर से आने वाले व्यापारियों तक में जबरदस्त उत्साह और व्यस्तता का माहौल है।

मंडी फुल होने पर दशहरा मैदान में डायवर्ट की गईं ट्रॉलियां: मंडी अधिकारियों ने व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए बताया कि अवकाश के दिनों के बाद जब मंडी खुलने का दिन आया, उससे पहले ही बुधवार शाम से ही ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। हालात



यह बन गए कि मंडी परिसर में तिल रखने की भी जगह नहीं बची, जिसके चलते मजबूरन मुख्य गेट बंद करवाना पड़ा। इसके बाद आने वाले वाहनों को सीधे दशहरा मैदान की ओर डायवर्ट किया गया। देखते ही देखते शाम तक दशहरा मैदान भी सैकड़ों ट्रॉलियों से पट गया। मंडी प्रशासन द्वारा तय किया गया कि जो ट्रॉलियां पहले से मंडी परिसर के अंदर मौजूद हैं, उनकी नीलामी सबसे पहले होगी, जबकि दशहरा मैदान में खड़ी ट्रॉलियों की नीलामी की प्रक्रिया शाम को या अगले दिन सुनिश्चित की जाएगी।

मक्का ने बदले स्थानीय व्यापार और तोलाई के तौर-तरीके: कृषि विशेषज्ञों और व्यापारियों का मानना है कि पिछले कुछ वर्षों विशेषकर 2025 के बाद से गुना मंडी में मक्का के व्यापार का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। पहले स्थानीय व्यापारी सीमित मात्रा में उपज खरीदकर उसे होल्ड करते थे और स्टोरेज की सीमा होने के कारण कारोबार की रफ्तार धीमी रहती थी। एक दिन में 50 से 60 हजार क्विंटल की डाक होना भी बड़ी बात मानी जाती थी। लेकिन अब मक्का की बंपर पैदावार और मांग के चलते पूरी चेन ही आधुनिक हो गई है। हालांकि सीधी खरीद आज भी स्थानीय व्यापारी ही करते हैं, लेकिन अब बाहरी जिलों और राज्यों के बड़े व्यापारी सीधे गुना पहुंचकर उसी दिन सौदा तय कर लेते हैं। उपज को गोदामों में स्टोर करने के बजाय सीधे प्रोसेसिंग प्लांटों के लिए रवाना कर दिया जाता है। तोलाई और भुगतान की प्रक्रिया इतनी तेज हो चुकी है कि अब पारंपरिक तौर-तरीके पीछे छूट गए हैं।

बेहतर भाव के कारण दूसरे जिलों से भी खिंचे चले आ रहे हैं किसान: गुना मंडी में मक्का के दाम आसपास के अन्य क्षेत्रों के मुकाबले 50 से 100 रुपये प्रति क्विंटल तक अधिक मिल रहे हैं। पड़ोसी जिलों जैसे अशोकनगर, शिवपुरी, राजगढ़ और यहां तक कि राजस्थान की सीमा से लगे इलाकों के किसान भी ट्रांसपोर्टेशन का खर्च निकालने के बाद गुना में अपनी उपज बेचना ज्यादा फायदेमंद मान रहे हैं। यही वजह है कि मंडी में इन दिनों पांव रखने की जगह नहीं बची है और प्रशासन को यातायात सुचारू रखने के लिए विशेष मशक्कत करनी पड़ रही है।

कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

पठार मोहल्ला में जुए के फड़ से 11 जुआरियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने जुए के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर पठार मोहल्ला स्थित प्रेम कुशवाह वाली गली में दबिश देकर हार-जीत का दाव लगा रहे 11 जुआरियों को रंगेहाथों दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से कुल 20,400 रुपये नकद और ताश की गड्डियां जब्त की गई हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने की कार्रवाई

जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग शहर के पठार मोहल्ला स्थित प्रेम कुशवाह वाली गली में एक मकान के पास छिपकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे अशोक पुत्र इमरत पाल निवासी हरिपुर रोड, जाहिद पुत्र रुस्तम खान निवासी तलैया मोहल्ला, रौनक उर्फ हिमांशु पुत्र सुरेश रजक निवासी पवन कॉलोनी, कुलदीप पुत्र मनीष चौरसिया निवासी बूढ़े बालाजी, विशाल पुत्र प्रेमनारायण पाल निवासी तलैया मोहल्ला, राजेश पुत्र रमेश पाल निवासी पठार मोहल्ला, फरहान पुत्र रफीक खान निवासी पुरानी छावनी, शादाब उर्फ विक्की पुत्र नफीश खान निवासी पठार मोहल्ला, हनीफ पुत्र इस्माइल खान निवासी पवन कॉलोनी, लक्की लोधी पुत्र नारायण सिंह लोधी निवासी बांसखेड़ी और राजा पुत्र बादाम कुशवाह निवासी पठार मोहल्ला को रंगेहाथ पकड़ा।

कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

जिले के धरनावदा थाना अंतर्गत चौकी रुठियाई पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर एक आरोपी को 62 लीटर अवैध कच्ची हाथ भट्टी की शराब और परिवहन में प्रयुक्त बिना नंबर की टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल के साथ दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति हाईवे के रास्ते अपाचे मोटरसाइकिल पर प्लास्टिक की कैनों में भरकर अवैध कच्ची शराब बेचने ले जा रहा है। पुलिस ने कुल 62 अवैध कच्ची शराब बरामद की।

ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से हादसों का खतरा

जिले में फसल कटाई के साथ बढ़ा भूसे का परिवहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में खरीफ फसलों की कटाई के साथ ही हर साल की तरह इस बार भी शहर और आसपास के मुख्य मार्गों पर भूसे का परिवहन तेजी से शुरू हो गया है। बिना किसी सुरक्षा मानकों का पालन किए सड़कों पर सरपट दौड़ रहीं भूसे से लदी ट्रक से लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियां किसी भी समय बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती हैं।

शहर के बजरंगगढ़ बायपास सहित प्रमुख चौराहों पर हर दिन क्षमता से कहीं अधिक भूसे से भरी ट्रॉलियां देखी जा रही हैं। भूसा अत्यधिक ऊंचाई तक भरे होने के कारण वाहनों का संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे उनके पलटने की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। अचानक झटके लगने या मोड़ पर अनियंत्रित होने से पीछे चल रहे राहगीरों और छोटे वाहन चालकों की जान हर वक्त खतरे में बनी रहती है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि हर साल कटाई सीजन के बाद किसान और व्यापारी त्वरित लाभ के चक्कर में यातायात नियमों को ताक पर रखकर परिवहन करते हैं। सडक़ों पर भूसे के इस कारोबार पर समय रहते कड़ाई से रोक न लगाए जाने से आम नागरिकों में रोष है।

रात 10 से सुबह 8 बजे तक के ही आदेश हैं

उल्लेखनीय है कि भूसे के ओवर साइज (अत्यधिक फैलाव व ऊंचाई) परिवहन परचालानी कार्रवाई का प्रावधान है। पुलिस और प्रशासन ने भी भूसा ऑपरेटरों और चालकों से अपील की है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें। शहर में भूसे से भरे वाहनों का प्रवेश केवल रात 10 बजे से सुबह 8 बजे के बीच ही मान्य है। इसके अलावा, ट्रॉलियों में दोनों हेडलाइट चालू रखना, सुरक्षा रिफ्लेक्टर लगाना और तिरपाल/जाल से भूसे को व्यवस्थित ढंकना अनिवार्य किया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाकर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

नम आंखों से जेल में बंद भाइयों से मिलीं बहनें, 5 दिवसीय दीपोत्सव संपन्न

भाईदूज पर दिखा भाई-बहन का अटूट प्रेम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

भाई-बहन के पवित्र प्रेम और अटूट विश्वास का पर्व भाईदूज बुधवार को जिले भर में अपार श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर रोली-अक्षत का तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु, सुख-समृद्धि और मंगल जीवन की कामना की। भाइयों ने भी बहनों के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया और रक्षा का वचन देते हुए मनभावन उपहार भेंट किए। इसके साथ ही छह दिवसीय दीपोत्सव महापर्व का गरिमामय समापन हो गया।

उल्लेखनीय है कि तिथियों में असमंजस होने के कारण कई लोगों ने मंगलवार को ही भाईदौज का पर्व मनाया। हालांकि अधिकांशतः भाईदौज के कार्यक्रम बुधवार को हुए। भाईदूज के इस पावन अवसर पर जिला जेल गुना में अत्यंत



भावुक दृश्य देखने को मिला। जेल में बंद अपने कैदी भाइयों को तिलक लगाने बड़ी संख्या में बहनें पहुंचीं। जब बहनों ने सलाखों के पीछे या मुलाकात कक्ष में अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया, तो दोनों की ही आंखें भर आईं और माहौल पूरी तरह भावुक हो गया।

जेल प्रशासन ने त्योहार की महत्ता को देखते हुए बहनों की सुविधा के लिए जेल परिसर में विशेष टेंट, छांव और बैठने की सुव्यवस्थित व्यवस्था की थी, ताकि परिजनों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। शांतिपूर्ण माहौल में बहनों ने भाइयों को मिठाई खिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्थानीय अवकाश पर पैतृक गांव पहुंचे लोग

स्थानीय प्रशासन द्वारा भाईदूज पर स्थानीय अवकाश घोषित किए जाने के कारण बड़ी संख्या में लोग अपने पैतृक गांवों की ओर रवाना हुए। ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने अपने कुल देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की और विशेष प्रसाद चढ़ाया। उधर, कायस्थ समाज द्वारा यम द्वितीया के उपलक्ष्य में भगवान यमराज और चित्रगुप्त महाराज की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। गोवर्धन पूजा के बाद से ही पूरे अंचल में अन्नकूट प्रसादी का दौर शुरू हो गया है, जो आगामी देवउठनी ग्यारस तक अनवरत जारी रहेगा। दूज का पर्व होने के कारण सडक़ों पर यात्री बसें और मिनी गाडिय़ां सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम चलीं, जिससे ग्रामीण इलाकों और प्रमुख चौराहों पर यात्रियों की भारी भीड़ जमा रही। लोग अपने साधनों और निजी वाहनों से आवाजाही करते दिखे। वहीं ट्रेनों में भी बहनों के घर पहुंचने वाले भाइयों की भारी भीड़ दर्ज की गई। पर्व संपन्न होने के साथ ही शहर के मुख्य बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा।

फार्म हाउस के कमरे का ताला तोड़कर सोयाबीन और ट्रैक्टर की बैटरी चुराने वाला चोर गिरफ्तार

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बनवीरखेड़ी के पठार पर स्थित एक फार्म हाउस पर चोरों ने धावा बोल दिया। आरोपी ने कमरे का ताला तोड़कर वहां रखी सोयाबीन और ट्रैक्टर की नई बैटरी चोरी कर ली, जिसे फरियादी और उसके साथियों ने मौके पर ही खदेड़कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार, ग्राम बनवीरखेड़ी निवासी भरत शर्मा पुत्र बृजमोहन शर्मा का पठार पर फार्म हाउस बना हुआ है। मंगलवार रात करीब 4 बजे जब भरत और उनका वटियादार सरदार कोरी फार्म हाउस के बरामदे में सो रहे थे, तभी कमरे के अंदर से खटपट की आवाज सुनाई दी। जब दोनों ने उठकर देखा तो कमरे का ताला टूटा हुआ था।

जामनेर थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी के आरोपी को चंद घंटों के भीतर किया गिरफ्तार

गुना। जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं चोरी, नकबजनी आदि वारदातों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ हेतु गुना पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाहियां की जा रही हैं। जानकारी के अनुसार 11 नवंबर को फरियादी सीताराम साहू निवासी ग्राम जामनेर द्वारा थाना जामनेर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 9 नवंबर को शाम करीब 5:30 बजे से 6 बजे के बीच उनकी किराना दुकान के काउंटर पर रखा रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 11 नवंबर को चंद घंटों के भीतर ही प्रकरण के आरोपी प्रियांशु पुत्र श्यामसुंदर वर्मा निवासी मधुसूदनगढ़ को गिरफ्तार कर लिया गया।

बरोदिया गांव में सजा भगवान कारस देव का दरबार

पशुधन की रक्षा के लिए बांधी गईं मन्नत की घंटियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

भाईदूज के पावन पर्व पर बुधवार को जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम बरोदिया में भगवान कारस देव के दरबार में पारंपरिक और भव्य मेले का आयोजन किया गया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक मेले में गुना जिले के साथ-साथ दूर-दराज के अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मान्यता है कि भगवान कारस देव (भोलेनाथ के अवतार) के दरबार में सच्चे मन से मन्नत मांगने पर पशुधन से जुड़ी हर समस्या दूर होती है, जिसके चलते इस बार भी हजारों श्रद्धालुओं ने मवेशियों के स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करते हुए मंदिर में टकरियां (घंटियां) बांधीं।



पशुधन की रक्षा की मन्नत और शुद्ध सामग्री का भोग

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पशुओं के बीमार होने, दूध देना बंद करने या अन्य परेशानियों से निजात पाने के लिए श्रद्धालु कारस देव की शरण में आते हैं। मन्नत पूरी होने पर किसान और पशुपालक शुद्ध रूप से एकत्रित किए गए गाय-भैंस के दूध, दही, शुद्ध घी और खीर-पूरी का भोग भगवान को अर्पित करते हैं। परंपरा के अनुसार, इस मेले में भारी मात्रा में शुद्ध घी और आटा इक_ा होता है, जिसकी बाद में नीलामी कर प्राप्त राशि से मंदिर का जीर्णोद्धार और अन्य व्यवस्थाएं संचालित की जाती हैं। इस दौरान भगवान की हवन वेदी में भी आहुतियां दी गईं।

विशेष रूप से पहुंचे पुलिसकर्मी किसानों ने छोड़े खेत

इस मेले की एक बड़ी विशेषता यह है कि मन्नत पूरी होने पर अपनी सेवा दे रहे कई पुलिसकर्मी भी भगवान कारस देव के दरबार में सपरिवार हाजिरी लगाने पहुंचते हैं। मेले की भव्यता और आने वाली भीड़ को देखते हुए बरोदिया गांव के आसपास के किसानों ने एक अनूठी परंपरा कायम रखी है। मंदिर के समीप करीब एक दर्जन किसानों ने अपने खेत खाली छोड़ रखे हैं ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को भंडारा करने, प्रसाद पकाने और बैठने के लिए पर्याप्त जगह मिल सके।

आपसी सहयोग और भंडारे की अनूठी परंपरा

मेले के दौरान मंदिर परिसर और आसपास के खेतों में जगह-जगह विशाल भंडारों का आयोजन हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि भंडारों के लिए बर्तन सीधे मंदिर समिति से उपलब्ध हो जाते हैं, और यदि बर्तन कम पड़ जाएं तो गांव के लोग स्वेच्छा से अपने घरों के बर्तन सौंप देते हैं। भाईदूज के इस अवसर पर आयोजित कारस देव के मेले ने एक बार फिर ग्रामीण संस्कृति, अटूट आस्था और आपसी भाईचारे का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

'चमचे हटाओ, देश बचाओ' के नारे के साथ हुंकार भरेगी बसपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर गुना की सियासत में जोरदार गरमाहट देखने को मिलने वाली है। आगामी 15 नवंबर को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) शहर के हृदय स्थल हनुमान चौराहे पर एक जनसभा का आयोजन करने जा रही है। पार्टी ने इस आयोजन के लिए चमचे हटाओ, देश बचाओ जैसा बेहद आक्रामक और तीखा थीम तय किया है, जिसने स्थानीय राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। बसपा कार्यकर्ताओं द्वारा इस शक्ति प्रदर्शन और जयंती समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए धरातल पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

आदिवासी जननायक और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर आयोजित इस जनसभा का मुख्य उद्देश्य जल, जंगल, जमीन और शोषित वर्ग के आत्मस्वाभिमान की रक्षा करना है। सार्वजनिक हुए कार्यक्रम के पोस्टर में साफ संदेश दिया गया है कि बसपा जनविरोधी ताकतों और चाटुकारिता की राजनीति के खिलाफ सीधा मोर्चा खोलने जा रही है। 15 नवंबर को नगरपालिका परिसर के सामने आयोजित होने वाली इस विशाल आमसभा में बसपा के कई दिग्गज चेहरा शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बालाघाट लोकसभा प्रभारी अजाब शास्त्री मंच संभालेंगे।

समाचार संक्षेप

जमीन के विवाद में खूनी संघर्ष, धारदार हथियार और डंडों से मारपीट कर 4 लोगों को किया घायल

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डगराई में जमीन के पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। आरोपियों ने घर के सामने गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार और डंडों से हमला कर दिया, जिसमें फरियादी सहित चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धाराएं बढ़ाते हुए मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात ग्राम डगराई निवासी कृष्णपाल पुत्र भानूप्रताप यादव के घर के सामने आरोपी विक्रम सिंह यादव, जयेन्द्र सिंह और टाइगर यादव पहुंचे और विवाद करते हुए गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपी विक्रम ने धारदार वस्तु से हमला कर दिया, जो कृष्णपाल के बाएं पैर की एड़ी में लगी जिससे खून बह निकला। बीच-बचाव करने आए शीलकुमार, सोनू और उनके दादा कप्तान सिंह यादव के साथ भी आरोपियों ने डंडों, लात-घूंसों से मारपीट की। मौके पर मौजूद अशोक सिंह और भानूप्रताप सिंह ने बीच-बचाव किया। शुरुआत में एनसीआर दर्ज कर घायलों का सिविल अस्पताल में मेडिकल कराया गया। पुलिस ने मामले दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

लापरवाह ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, गंभीर घायल

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खामखेड़ा के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन बैक करते हुए एक बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रोटर वेटर की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके पैर में फ्रैक्चर होने पर अस्पताल में इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, पिपरौदा खुर्द निवासी हरवीर सिंह रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका पुत्र भानु सिंह गत शाम टीवीएस स्पोर्ट्स बाइक से आरोन आ रहा था। ग्राम खामखेड़ा के पास महिंद्रा अर्जुन ट्रैक्टर के चालक अपेश पुत्र सुरेश रघुवंशी ने बिना देखे अचानक ट्रैक्टर पीछे मोड़ा। ट्रैक्टर में पीछे रोटर वेटर जुड़ा हुआ था, जो बाइक पर जा लगे। हादसे में भानु के पैर, नाक, भौंह और बाएं हाथ में गंभीर चोटें आईं। पीछे आ रहे ग्रामीणों ने उसे आरोन अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे गुना रैफर किया गया।

पुरानी रंजिश पर पानी दे रहे युवक पर हमला

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरौदा केशराज में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। खेत पर पानी दे रहे युवक को आरोपी ने गालियां देते हुए पत्थर मारकर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार, फरियादी अभिषेक पुत्र सीताराम यादव निवासी पिपरौदा केशराज ने कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत सुबह वह अपने खेत पर पानी दे रहा था। तभी वहां पहुंचे जगराम यादव ने पुरानी रंजिश पर से उसे गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने पत्थर उठाकर उसके दाहिने पैर के घुटने पर मार दिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया दी है।

रेलवे पुल पर चलती स्कूटी से महिला के सोने के कुंडल लूटे, मामला दर्ज

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुशमोदा रेलवे पुल पर बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला से सोने के कुंडल लूट लिए। दीपावली का त्योहार होने के कारण महिला दो दिन बाद थाने रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रचना बाई लोधा निवासी अवंतिकापुरी कॉलोनी दीपावली को अपने बेटे सचिन के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटी से कुशमोदा में अपनी मौसी के यहां जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए काले रंग की बाइक पर सवार दो बदमाशों ने चलती स्कूटी से झपट्टा मारकर उनके कानों के सोने के कुंडल खींच लिए। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

राघौगढ़ में मुनिश्री के मंगल प्रवचन में उमड़े श्रद्धालु

मनुष्य जीवन अनमोल, सच्चे मन से करें भगवान की भक्ति : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य, प्रवचन वाचस्पति, ओजस्वी वक्ता, महातपस्वी एवं बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर महाराज श्री बासु पूज्य जिनालय, साडा कॉलोनी राघौगढ़ के सभागार में मंगल प्रवचन दिए। इस दौरान मुनिश्री ने श्रद्धालुओं को जीवन के वास्तविक महत्व, सही मान्यताओं और सच्ची भक्ति का संदेश दिया। मुनिश्री ने कहा कि मनुष्य को मिथ्या मान्यताओं से बचना चाहिए। भगवान की भक्ति करते समय किसी प्रकार की मनोकामना या सांसारिक वस्तुओं की याचना नहीं करनी चाहिए, बल्कि निःस्वार्थ भाव से आराधना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन अत्यंत अनमोल है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन का महत्व समझते हुए इसे सद्कर्म, धर्म और आत्मकल्याण में लगाना चाहिए। मिथ्या मान्यता की व्याख्या करते हुए मुनिश्री ने उदाहरण दिया कि सूरज को सूरज न मानकर दीपक मानना ही मिथ्या मान्यता है। अर्थात जो वस्तु जैसी है, उसे वैसा न मानकर उसके विपरीत समझना ही गलत धारणा है। उन्होंने श्रद्धालुओं को अपनी सोच और मान्यताओं को सही दिशा देने तथा धर्म के वास्तविक स्वरूप को समझने की प्रेरणा दी। मुनि संघ वर्तमान में जैन मंदिर, बाबा कॉलोनी में विराजमान हैं। मुनिश्री के प्रवचनों का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में जैन समाज राघौगढ़ का एक प्रतिनिधिमंडल भोपाल में ससंघ विराजमान आचार्य समय सागर जी महाराज के श्रीचरणों में पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने आचार्यश्री को श्रीफल भेंट कर आगामी 17 नवंबर से आयोजित होने वाले अष्टान्हिका महापर्व के अवसर पर श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के आयोजन के लिए मंगल आशीर्वाद प्रदान करने का अनुरोध किया।

यह आयोजन पूज्य मुनि श्रमण सागर जी एवं मुनि ओंकार सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में प्रस्तावित है। इस अवसर पर भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं जैन समाज के मार्गदर्शक विजय कुमार जैन ने आचार्यश्री को राघौगढ़ में संपन्न चातुर्मास की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आचार्यश्री के मंगल आशीर्वाद से चातुर्मास के दौरान राघौगढ़ नगर में मुनि श्रमण सागर जी एवं मुनि ओंकार सागर जी महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ।

दशहरा मैदान रोड पर कैलाशम होटल व मैरिज गार्डन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

दशहरा मैदान रोड पर नवनिर्मित कैलाशम होटल एवं मैरिज गार्डन का शुभारंभ विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना और अन्नकूट आयोजन के साथ हुआ। कार्यक्रम



के मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह रहे। शुभारंभ अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि पंडित कैलाश शर्मा के साथ उनका संबंध 1970 के दशक से है और उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत भी कैलाश के साथ ही की थी। उन्होंने कहा कि आज इस बात की बेहद प्रसन्नता है कि उनके पुत्र रजनीश शर्मा ने अपने दिवंगत पिता की स्मृति में इस नए प्रतिष्ठान की शुरुआत की है। बुजुर्गों को हमेशा दिल में संजोकर रखने वाली यह पहल नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने शर्मा परिवार को इस नई शुरुआत के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।इससे पहले, कैलाशम-होटल के संचालक एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश शर्मा, उनकी धर्मपत्नी पार्षद रश्मि शर्मा, तथा ईशान और कनिष्क शर्मा ने आतिथ्य सत्कार करते हुए मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। इस उद्घाटन समारोह में शहर के तमाम गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गोवर्धन पूजा महोत्सव

मंदिरों में लगा छप्पन भोग, घरों में गोबर से बनाई गोवर्धन महाराज की आकृतियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

दीपोत्सव के चौथे दिन शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने घरों और मंदिरों में गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की आकृति बनाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। गोवर्धन महाराज का मोरपंख, माखन मथने वाली रई और फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। इसके बाद खीर-पूड़ी का भोग लगाकर महाआरती की गई तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गोवर्धन महाराज की परिक्रमा लगाई और वृंदावन व गोकुल की महिमा का गुणगान करते हुए भजन एवं स्तुतियां गाईं। ग्राम माड़ाखेड़ा के मोहन महाराज ने बताया कि गांव के राधा-कृष्ण के प्राचीन मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। वहीं नगर के गुलाबबाई राधा-कृष्ण मंदिर में भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। यहां भी परंपरानुसार सभी धार्मिक रस्में निभाई गईं।

गोवर्धन पूजा का है विशेष धार्मिक महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को देवराज इंद्र के प्रकोप से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर धारण किया था। कथा के अनुसार, जब इंद्र ने क्रोधित होकर ब्रज में मूसलाधार बारिश शुरू कर दी, तब ब्रजवासी भगवान श्रीकृष्ण की शरण में पहुंचे। उनकी रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने सात दिनों तक गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी ब्रजवासियों और गौवंश को आश्रय दिया। अंततः इंद्र को अपनी भूल का अहसास हुआ और उन्होंने वर्षा बंद कर दी। मान्यता है कि इसी प्रसंग के बाद से गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव मनाने की परंपरा शुरू हुई।

बीज निगम मैदान में होगा आयोजन

12 से 16 नवंबर तक आयोजित होगा श्रीरामलीला उत्सव, शाम 7 बजे से होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन गुना के सहयोग से जिले में 12 से 16 नवंबर 2026 तक पांच दिवसीय श्रीरामलीला उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन शाम 7 बजे से दशहरा मैदान के सामने स्थित बीज निगम मैदान में श्रीरामकथा के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित लीला प्रस्तुतियां आयोजित होंगी। कार्यक्रम में आमजन के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा। श्रीरामलीला उत्सव के प्रथम दिवस 12 नवंबर को शंकर विवाह, श्रीराम जन्म, ताड़का वध एवं अहिल्या उद्धार के प्रसंगों की प्रस्तुति होगी। 13 नवंबर को धनुष यज्ञ, श्रीराम विवाह, वन गमन एवं केवट प्रसंग प्रस्तुत किए जाएंगे। इसी क्रम में 14 नवंबर को दशरथ देवलोक गमन, भरत मिलाप एवं सीता हरण, 15 नवंबर को शबरी प्रसंग, श्रीराम-सुग्रीव मैत्री एवं लंका दहन तथा 16 नवंबर को लंका युद्ध, रावण वध एवं श्रीराम राज्याभिषेक के प्रसंगों की प्रस्तुति दी जाएगी। श्रीरामलीला उत्सव की विशेष रूप से परिकल्पित प्रस्तुति लीला गुरुकुल संस्थान, चित्रकूट द्वारा दी जाएगी। कार्यक्रम का आलेख योगेश त्रिपाठी, रीवा, संगीत संयोजन श्री सीताराम सिंह, पटना तथा लीला निर्देशन रामचन्द्र सिंह, भोपाल द्वारा किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से श्रीरामलीला उत्सव में सहभागिता कर धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का लाभ लेने की अपील की गई है।

नाबालिगों के अपहरण व गुमशुदगी के मामलों में पुलिस की त्वरित व प्रभावी कार्रवाई

गुना। शहर की कैंट थाना पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को मात्र 24 घंटे के भीतर सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा है। उल्लेखनीय है कि 8 नवंबर 26 के दोपहर में कैंट थाना क्षेत्र से 16 वर्षीय एक नाबालिग बालिका के लापता होने पर 9 नवंबर 26 को बालिका के पिता की ओर से उसके लापता होने की रिपोर्ट कैंट थाने में दर्ज कराई गई थी। जिस पर से पुलिस ने अप.क्र. 1062/26 धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर बालिका की तलाश शुरू की गई। नाबालिग बालिका के लापता होने की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लेकर अपहृत बालिका की सरगर्मी से तलाश की गई और इस हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया साथ ही विभिन्न तकनीकी संसाधनों की मदद ली गई जिससे संकलित सूचनाओं के आधार पर सभी संभावित जगहों पर बालिका को खोजने के प्रयास किए गए।

तूमैन की त्रिवेणी नदी में प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद भी सामग्री पानी में तैरती नजर आई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले की जिस त्रिवेणी नदी को गंगा की तरह पवित्र माना जाता है। जिस नदी से कांवड़ यात्री जल लाकर शिवजी का अभिषेक करते हैं। उसी नदी में झांकी आयोजक देवी मां की प्रतिमाओं को विसर्जन करके आए थे उसी नदी में देवी मां की प्रतिमाओं का सामान आज भी पानी में तैर रहा है। इस नदी के पानी को साफ करने की कोई योजना नहीं बनाई गई न ही पंचायत के द्वारा इस नदी को साफ करने का प्रयास किया गया।

ज्ञात हो कि यह त्रिवेणी नदी प्राचीन गांव तूमैन के किनारे बहती है इसी नदी के किनारे पर हर मकर सक्रांति को मेले का आयोजन होता है। उसके बाबजूद भी नदी की पवित्रता को बनाए रखने के कोई प्रयास जिले में नहीं किए जा रहे हैं। जिसके कारण नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है। पिछले दिनों शासन के निर्देश पर प्रशासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान भी चलाया था। इसका उददेश्य यहीं था कि जिले में नईं जल सरंचनाएं बनाई जाएं और जो सरंचनाएं बनी हैं उनका संरक्षण किया जाए और स्वच्छता का ध्यान रखा जाए। ऐसी स्थिति में इस नदी के जल को साफ किए जाने का अभियान चलाया जाना चाहिए। ताकि नदी के पानी में फैल रहे प्रदूषण को रोका जा सके।

मेरी रंगोली मेरा संदेश का किया गया आयोजन



अशोकनगर। मेरी रंगोली, मेरा संदेश आयोजन का उद्देश्य केवल रंगोली बनाना नहीं, बल्कि कला के माध्यम से समाज में जागरूकता लाना है। आज समाज में महिला हिंसा, दहेज प्रथा, महिलाओं बच्चियों पर बढ़ते अपराध, पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जन-जागरूकता की आवश्यकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए अपनी रंगोली में सामाजिक संदेश के रंग भरे। मंच की ओर से सभी छात्राओं और नगरवासियों ने इस रचनात्मक पहल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और महोत्सव को सार्थक बनाते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेश दिया। महोत्सव में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सभी रंगोलियों को काफी सराहा गया।

मृतिका की बेटी का पुत्र ही निकला हत्या का आरोपी

70 वर्षीय महिला का शव कुए में मिलने के बाद पुलिस ने मामले में जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम बिजलीपुर में एक दिन पहले 70 वर्षीय महिला का शव कुए में मिला था। उक्त मामले की जांच पिपरई पुलिस द्वारा किए जाने के बाद बिजलीपुर में महिला की हत्या कर शव कुएं में छिपाने के मामले में त्वरित कार्यवाही करते आरोपी हरवीर पुत्र हनमन लोधी जो मृतिका मोतीबाई की बेटी गिरजाबाई का पुत्र निकला। आरोपी के विरुद्ध हत्या एवं साक्ष्य छिपाने की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया।

उल्लेखनीय है कि 09.11.2026 को थाना पिपरई पुलिस को ग्राम बिजलीपुर स्थित एक कुएं में महिला का शव पड़े होने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच की गई, जहां मृतका की पहचान मोतीबाई पत्नी रामसिंह लोधी, उम्र 75 वर्ष, निवासी ग्राम बिजलीपुर के रूप में हुई थी। इस संबंध में मर्ग क्रमांक 54/26 धारा 194 बीएनएसएस के अंतर्गत कायम कर जांच में लिया गया था। मर्ग जांच के दौरान घटनास्थल के भौतिक निरीक्षण, साक्षियों के कथनों एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट से प्राप्त तथ्यों के आधार पर सामने आया कि मृतका की हत्या कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से उसके शव को कुएं के पानी में डण्डों एवं पत्थरों से दबाकर छिपाया गया था। उक्त घटना में अपनी नानी की हत्या करने वाला आरोपी जुए का आदी था और जुआं खेलने के लिए वह अपनी नानी से पैसे मांग रहा था, जब नानी ने पैसे देने से इन्कार कर दिया, तब आरोपी ने अपनी नानी से मारपीट की और हत्या कर शव कुए में डाल दिया। घटना की जानकारी कहीं और से नहीं अपितु आरोपी के आठ वर्षीय पुत्र ने ही खुलासा कर दिया। इस घटना में महिला के सिर पर चोट के निशान मिले थे। मृतिका मोती बाई की तीन बेटियां हैं, इनमे से एक बेटी उनके साथ रहती है, इसी बेटी का पुत्र हरवीर पिता हनुमान सिंह लोधी है।



समय रहते आग पर काबू पाया

सुभाष गंज में नाव्या कलेक्शन की दुकान में लगी आग



अशोकनगर। स्थानीय सुभाष गंज में जैन मंदिर के सामने नाव्या कलेक्शन की दुकान में बीती रात 8.30 बजे अचानक आग लग गई, यह घटना तब हुई जब दुकान का स्टाफ बंद करने की तैयारी कर रहा था, अचानक मीटर के पास से शार्ट सर्किट होता देखा गया, जिससे आग फैलने लगी। तत्काल आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जैन मंदिर के निर्माण के दौरान चल रहे काम की वजह से तत्काल पानी की नली चलाकर आग पर काबू पाया गया तब तक नगर पालिका की दमकल भी मौके पर पहुंच गई थी।

ज्ञात हो कि शहर में दीपावली पर तीन स्थानों पर आग लगने की घटनाएं सामने आईं थी यह चैथी घटना है, इस घटना में दुकान पर काम करने वाली युवतियों ने बताया कि वह काम बंद कर जाने की तैयारी कर रहीं थीं तभी अचानक स्पार्किंग हुई और आग लग गई। जैसे ही आग लगने की घटना हुई वैसे ही कर्मचारियों ने चिल्लाना शुरू कर दिया, आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए, घटना की जानकारी मिलने के बाद नगरपालिका की दमकल और सिटी कोतवाली की पुलिस भी मौके पर पहुंची। यह अच्छा हुआ कि आग कि यह घटना देर रात नहीं हुई अन्यथा बडा अग्निकाण्ड हो सकता था, किन्तु समय से पहले ही इस आग पर काबू पा लिया गया।

स्कूटी धोते समय करंट लगने से मौत

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत वार्ड 14 शशीन्द्र गली निवासी राज खां पुत्र काले खां उम्र 19 साल सकुन कैफे एवं धुलाई सेंटर विदिशा वायपास रोड़ पर जब स्कूटी धो रहा था उसी समय उसे करंट लग गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

इल्लीमार दवा का सेवन करने से महिला की मौत

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत रचना पुत्री विजय आदिवासी निवासी कुचनी थाना फतेहगढ़ जिला गुना, गुरूप्रीत सिंह के फार्म हाउस सेमरखेड़ी पर आई थी, जहां उसने इल्ली मार दवा का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। जिस पर से पुलिस का मामला दर्ज किया है।

प्रशासनिक सुस्ती पर सोशल मीडिया पर फूटा युवक का गुस्सा

नामांतरण आदेश पारित, फिर भी 5 साल से चक्कर काट रहा युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय दफ्तरों में आम जनता की समस्याओं को लेकर प्रशासनिक सुस्ती और लापरवाही का मामला चंदेरी से सामने आया है। नगर के वार्ड क्रमांक 19 सराय क्षेत्र, म्यूजियम के पास निवासी युवक भारत भूषण पाल ने तहसील प्रशासन व राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली से तंग आकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया है। वीडियो में पीड़ित युवक ने राजस्व अमले पर आरोप लगाते हुए अपना दर्द साझा किया, जिसके बाद से ही यह वायरल वीडियो पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी व एसडीएम को सौंपे गए लिखित आवेदन के अनुसार, पीड़ित की माता शिवाकांती बाई पाल के नाम से 16 जनवरी 2020 को मकान की विधिवत रजिस्ट्री कराई गई थी। इसके बाद राजस्व विभाग द्वारा 7 अक्टूबर 2021 को उक्त मकान का नामांतरण आदेश प्रकरण क्रमांक/स्वीकृति भी पारित कर दिया गया। विडंबना यह है कि नामांतरण का आदेश पारित होने के बावजूद संबंधित पटवारी द्वारा आज दिनांक तक इसे राजस्व अभिलेखों व खसरे में दर्ज अमल नहीं किया गया है। वर्तमान स्थिति में भी सरकारी खसरे में पुराने मकान मालिक का ही नाम दर्ज चला आ रहा है।



अनुविभागीय अधिकारी के नाम ज्ञापन भी सौंपा

पीड़ित भारत भूषण पाल का आरोप है कि वे पिछले कई सालों से तहसीलदार और एसडीएम कार्यालय के चक्कर काट-काटकर थक चुका है। युवक ने खुलासा किया कि अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा काम लटकाए रखने के दौरान कई बार पैसे की बात भी कही गई। परेशान होकर पीड़ित ने यहाँ तक कह दिया था कि हम वजन भी दे देंगे, बस हमारा वैध काम कर दीजिए, लेकिन इसके बाद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। युवक ने सवाल उठाया है कि जब सभी वैध दस्तावेज और खुद विभाग का ही नामांतरण आदेश मौजूद है, तो आम नागरिकों को इस तरह बेपनाह क्यों परेशान किया जा रहा है? पीड़ित ने हाल ही में 3 नवंबर 2026 को एसडीएम कार्यालय पहुँचकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चंदेरी के नाम ज्ञापन और आवेदन सौंपा था।

इनका कहना है...

क्रेता द्वारा आदेश अनुसार 0.027 हे. विक्रेता से क्रय किया गया, जबकि वर्तमान खसरा में विक्रेतागण के नाम पर कुल शेष रकबा 0.00707 हेक्टेयर आ रहा है जिस कारण अमल किया जाना संभव नहीं हो रहा है।

बालेंद्र यादव, सराय पटवारी

खबर संक्षेप

दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के महिला थाने के अंतर्गत नहर कॉलोनी निवासी रश्मि सिकरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की मांग को लेकर अंकित, सिकरवार, देवी सिंह उमाबाई और सलोनी सिकरवार द्वारा उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया। जिस पर से पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

रेल पटरियों पर मृतक का शव मिला

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत जुगयाना मोहल्ला निवासी अग्गेश पुत्र कन्छेदीलाल अहिरवार, उम्र 28 साल का शव चंदेरी रेलवे फाटक के पास गुन्हेरू की तरफ पड़ा पाया गया है। बताया गया है कि मृतक ने रेलवे लाइन पर आकर आत्म हत्या की है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

करंट लगने से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम छापन निवासी परमाल पुत्र बसोरा अहिरवार उम्र 46 साल जब अपने ही खेत में पानी दे रहा था, तभी बिजली का करंट लग जाने से उसकी मौत खेत पर ही हो गई जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

जिला जेल में भी बंदियों को टीका लगाने के लिए बहने पहुंची

भाई दूज के दिन बहनों ने भाईयों के मस्तक पर सजाए तिलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





दीपावली का त्यौहार धनतेरस से शुरू होता है और भाई दूज तक चलता है। दीपावली के इस त्यौहार को लेकर भाई दूज का दिन बडे पर्व के रूप मे मनाया जाता है। इस दौरान बहनो ने भाईयो को तिलक लगाए और भाईयो ने बहनो के चरण छुए। इस दौरान वाहनो की पूजा की गई। पूरे दिन भाई दूज का त्यौहार मनता रहा।

अशोकनगर मे भाई दूज के पर्व की शुरूआत सुबह से ही हो गई थी। इस पर्व को लेकर सभी उम्र के लोगो ने अपनी बहनो के घर जाकर भाई दूज का पर्व मनाया। कई बहने भाइयो के घर आते देखी गई। छोटे बच्चो ने भी भाई दूज का पर्व मनाया। शहर में भाई दूज के पर्व को लेकर संस्थानों से लेकर दुकानदारों में भी उत्साह देखा गया। वाहन मालिकों भी अपने वाहनों को धुलाई कराते हुए देखा गया। भाई दूज के इस पर्व पर सबसे पहले संस्थानों में पूजा की शुरूआत हुई। इस दौरान मशीनरी की पूजा की गई पूजा के बाद उपस्थित जनों को प्रसाद का वितरण किया गया। यहां भी दीपावली जैसा पर्व मनते हुए नजर आया।

जिला जेल मे रह रहे बंदियो को तिलक लगाने बहने पहुचीं। वही महिला बंदियो से तिलक लगवाने भाई पहुचे। जेल प्रशासन द्वारा नियम तय किए गए थे। उन नियमो का पालन कराते हुए देखा गया। यहां आने वाले बंदियों के परिवार जनों को लेकर जेल विभाग द्वारा पहले ही निर्देश जारी कर दिए गए थे उन निर्देशों के चलते बंदियों से मिलने के लिए उनके परिजनों को पहचान पत्र दिखाना पड़ा। एक के बाद एक परिवारजनों को मिलने की सुविधा प्रदान की गई। जांच पड़ताल के बाद ही जेल मैनुअल के अनुसार ही मिलने की पात्रता प्रदान की गई। जब बहनें अपने जेल में रह रहे बंदी भाईयों से मिली तब उनकी आंखे नम नजर आईं। बहनों ने भाईयों से वचन लिया कि वह भाईदूज के दिन वह इस बात की प्रतिज्ञा करें कि इसके बाद वह कभी अपराध नहीं करेगें। भाई भी बहनों को भरोसा दिलाते नजर आए। निर्धारित समय के अनुसार जेल में ही मेल मुलाकात का दौर चलता रहा।

वाहनों को सजाया गया फिर पूजा की गई



शहर के तुलसी सरोवर के साथ अन्य जल स्त्रोतों पर भी वाहन चालक अपने वाहन लेकर पहुंचे और वाहनों की धुलाई करते देखे गए। हालांकि शहर के वाहन धुलाई सेंटरों पर भी वाहनों की कतारें लगी रहीं। दीपावली पर्व से शहर में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के सभी ट्रक चलना बंद हो गए थे। इन वाहनों के चालकों ने पहले अपने घरों में दीपावली का पर्व मनाया बाद में यह वाहन चालक भाईदूज के दिन इन वाहनों की पूजा करते नजर आए। जिसके बाद से यह वाहन चलना प्रारंभ हो गए हैं। दीपावली पर्व से ही जिले में बसों का संचालन भी बंद चल रहा था, यह संचालन भी भाई दूज के बाद से प्रारंभ हो गया है। बसें बंद होने की वजह से लोगों को या तो अपनी यात्रा ट्रेनों से करनी पड़ी या फिर दोपहिया अथवा कार जैसे वाहन से यात्रा करना पड़ी। लेकिन भाई दूज के बाद जिले में फिर से सड़कों पर यह वाहन चलना प्रारंभ हो जाएगें।

देव स्थानों पर श्रद्धालुओं का मेला लगा

जिले में देव स्थानों पर भी श्रद्धालुओं को जाते हुए देखा गया। इस दौरान परिवार जनों ने अपने कुल देवता की पूजा अर्चना की। उनके देव स्थान पर पहुंचे जहां पूरी आस्था और पूजा अर्चना के साथ प्रसाद चढ़ाया, भोग लगाया गया। कई स्थानों पर कन्या पूजन और भोज के आयोजन भी हुए। कन्याओं के पैर पूजे गए। जिले भर में सुबह से ही देवस्थानों पर जाने वालों को देखा गया। इस मौके पर सिरसवास, शाढ़ौरा, मोहरी, आमखेडा आदि स्थानों पर यह श्रद्धालु देखे गए। रात्रि में अनेक लोगों को इन देव स्थानों पर सवारी आती हुई देखी गईं। जहां उन्होंने देवों से अपनी जिज्ञासाएं पूछीं और उनका समाधान भी लोगों को पूछते हुए देखा गया। इस मौके पर देवस्थानों को आर्कषक ढंग से सजाया गया था। यह देव स्थान जिले भर में अपनी मान्यता के लिए जाने जाते हैं।

गोवर्धन पूजा के बाद मंदिरों में अन्न कूट का आयोजन

पहले ही दिन मंदिरों में भीड़ उमड़ी, कतारों में खड़े होकर लोगों ने प्राप्त की प्रसादी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



गोवर्धन पूजा के बाद अन्नकूट के आयोजन प्रारंभ हो गए हैं, बीती रात अशोकनगर शहर में जहां देखो वहां अन्नकूट के आयोजन होते नजर आए। इन आयोजनों में लोगों ने कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया। उससे पहले मंदिरों में छप्पन भोग के आयोजन हुए। लोग देर रात तक प्रसादी पाने के लिए कतार में खड़े रहे।

अन्नकूट का यह नजारा शहर के अनेक मंदिरों पर देखने को मिला, जिनमें सराफा बाजार हनुमान मंदिर, तारे वाले बालाजी, युगल सरकार मंदिर, पुण्डरीकाक्ष मंदिर, हजारेश्वर मंदिर, विदिशा रोड सहित अनेक मंदिरों पर यह अन्नकूट का वितरण किया गया। तार वाले बालाजी मंदिर पर सबसे अधिक भीड़ श्रद्धालुओं की देखी गई। यहां महिला और पुरूषों के लिए दो अलग अलग कतारे बनाईं गईं थीं इन कतार में खडे लोगों को बारी बारी से प्रसाद प्रदान किया गया। इसी प्रकार शहर के प्राचीन मंदिर हजारेश्वर मंदिर पर भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला, यहां भी लोगों ने कतार में खड़े होकर अन्नकूट का प्रसाद प्राप्त किया। शहर के युगल सरकार मंदिर पर अन्नकूट का आयोजन किया गया, यहां भी लोगों ने कतार में खड़े होकर प्रसाद प्राप्त करते हुए देखा गया, ऐसा ही नजारा पुण्डरीकाक्ष मंदिर और अन्य स्थानों पर देखने को मिला।

दीपावली के दूसरे दिन मनाए जाने वाला यह त्यौहार गोवर्धन पूजा के रूप में मनाया जाता है और उसके बाद अन्नकूट का आयोजन होता है, इस अन्नकूट के मौके पर विशेष प्रकार की सब्जी तैयार की जाती है जिसमें विभिन्न प्रकार की ताजी हरी सब्जियों को मिलाकर एक अन्नकूट की सब्जी बनाई जाती है जिसे प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। यह अन्नकूट की सब्जी इतनी टेस्टी होती है कि उसका स्वाद ही लोगों को अन्नकूट का प्रसाद लेने के लिए आकृषित करता है। अन्नकूट के यह आयोजन आने वाले दिनों में लगातार देखने मिलेगें, भाईदूज के दिन भी कई स्थानों पर अन्नकूट के आयोजन हुए।

वैराग्य के माध्यम से ही आत्मा की रक्षा होती हैः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि श्री निंरजन सागर जी महाराज ने श्रृद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने सुना होगा कि आत्मा में अनन्त शक्ति विद्यमान है। उस अनन्त शक्ति में एक शक्ति है ज्ञान शक्ति और एक है वैराग्य शक्ति। महत्वपूर्ण क्या है? ज्ञान या वैराग्य। एक सैनिक जब रणांगन में कूदता है तब उसके पास दो वस्तुएँ अवश्य होती हैं एक तलवार और दूसरी ढाल। तलवार में वार और प्रहार होते हैं एवं ढाल से अपना बचाव, अपनी सुरक्षा भी होती है। ठीक इसी प्रकार ज्ञान, तलवार का काम करता है और वैराग्य ढाल का काम करता है।

उन्होंने कहा कि वैराग्य के माध्यम से ही आत्मा की रक्षा हो सकती है, ज्ञान के माध्यम से नहीं। कई लोग तलवार का प्रयोग तो करते हैं लेकिन ढाल का ठिकाना नहीं होने से उनकी रक्षा मुश्किल हो जाती है, हाँ तलवार का प्रयोग करते समय यदि समीचीनता है तो उसके द्वारा आपकी रक्षा भी हो सकती है और आप विजय श्री को भी प्राप्त हो सकते हैं। ठीक इसी प्रकार आज कई लोग ज्ञान का प्रयोग तो करते हैं लेकिन वैराग्य का ठिकाना नहीं होने से आत्मा की रक्षा नहीं हो पाती है, आत्मा पापों से नहीं बच पाती है। हाँ, ज्ञान का प्रयोग करते समय यदि समीचीनता है तो उसके द्वारा आत्मा की रक्षा भी हो सकती है और कर्मों की निर्जरा भी होती चली जाती है एवं मोक्ष की उपलब्धि भी उसी आत्मा में प्रकट हो जाती है। विषय सुख की अभिलाषा किसको होती है? एयर कंडीशन में बैठने की इच्छा, रसादार पदार्थों की इच्छा, इत्र को सूँघने की इच्छा, रूप को देखने की इच्छा, गीत-वाद्य इत्यादि को सुनने की इच्छा, क्या स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु व कर्ण इन इन्द्रियों की होती है? तो ऐसा नहीं है। इन्द्रियों में कोई इच्छा नहीं होती किन्तु अशुद्ध आत्मा में ही इच्छा होती है। जब आत्मा में विषयों की इच्छा होती है तो सारी प्रवृत्ति भी विषयों की ओर होने लगती है, इसी प्रवृत्ति को रोकना ही वैराग्य का काम है। ज्ञान का संरक्षण, ध्यान का संरक्षण, संयम का संरक्षण यह धर्मध्यान की ओर ले जाता है, लेकिन असंयम के कारणभूत विषय सामग्री का संरक्षण यह बहुत बड़ा पाप है।

अशोकनगर जिले के खेतों में 3 दृश्य आए नजर

नरवाई में आग लगाने से खेत काले नजर आए खेतों में मक्का के भुट्टे बड़े ढेरों के रूप में देखे गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर जिले के खेतों में अलग अलग दृश्य नजर आए। इन दृश्यों में खेत में कचरा फैला हुआ नजर आया तो दूसरे दृश्य में किसानों द्वारा नरबाई में आग लगाने के बाद खेत काले नजर आए। तीसरे दृश्य मे मक्का की फसल का रिकार्ड उत्पादन नजर आया तो वहीं चैथे दृश्य में निकली हुई मक्के की फसल में नमी को लेकर किसान मक्का को सुखाते हुए नजर आए।

यह खबर इसीलिए महत्वपूण है कि पिछले दिनों कलेक्टर ने किसानों को निर्देश दिए थे कि खेतों में नरबाई को न जलाया जाए। उसके बाबजूद भी किसान कलेक्टर के आदेश से पूरी तरह से अन्भिज्ञ हैं और परंपरा के अनुसार कुछ किसान खेतों में नरबाई को जलाकर नष्ट कर रहे हैं। नरबाई जलाने से किसानों की कृषि भूमि को कितना नुकसान पहुंचता है। यह सब जानने और समझने के बाद भी नरबाई में आग लगाने के मामले कम होने के नाम नहीं ले रहे हैं। कई खेतों में मक्के की फसल का कचरा खेतों में फैला हुआ नजर आया तो कई जगह जो कचरा फैला हुआ था उसे अलग अलग स्थानों पर ढेर बनाकर रखा गया था।

मक्के की फसल का कचरा खेतों में पसरा हुआ



यह कचरा खेतों में सिर्फ मक्के की फसल का ही देखा गया यह कचरा दो प्रकार का होता है एक तो कचरा वह होता है जो मक्के की फसल के भुट्टे को ढक कर रखता है। फसल निकालने के बाद यह ढका हुआ हिस्सा कचरे में बदल जाता है। जिस भुट्टे में दाने लगते हैं वह दाना निकलने के बाद डंठल कचरे में तब्दील हो जाता है। इस तरह का दृश्य खेतों में नजर आया। किसान भी पशोपेश में नजर आए कि इस कचरे को कहां ले जाया जाए। उन्हें आग लगाने के अलावा कोई चारा नजर नहीं आया जिसके कारण वह इस कचरे का निपटान परंपरागत रूप से ही कर रहे हैं।

जिले में मक्का की रिकार्ड आवक, दाम भी तेज

इस बार अशोकनगर जिले में जब किसानों ने मक्का का थोड़ा उत्पादन कम किया है तब फसल बेहतरीन आई है, गत वर्ष किसानों ने 2 लाख हेक्टयेर क्षेत्र में मक्का की बोवनी की थी, लेकिन दाम कम करने से इस बार डेढ लाख हेक्टयेर क्षेत्र में बोवनी की गई है। इस बार वर्षा फसलों के अनुरूप हुई है,जिसके कारण मण्डीयों में मक्का नहीं समा रही है। दूसरी ओर मक्के की रिकार्ड फसल भी खेतों में पड़ी देखी गई। किसान के खेतों में मक्का की फसल के ढेर लगे हुए नजर आए। कई खेतों में तो यह ढेर इतनी बड़ी संख्या में देखे गए कि अनुमान लगाना मुश्किल है कि उनके यहां मक्के की फसल का उत्पादन कितना हुआ होगा। लेकिन निकली हुई फसल के ढेर यह बता रहे हैं कि जिले में इस बार मक्का का उत्पादन पिछले वर्ष की तरह तगड़ा हुआ है। इस बार खास बात यह है कि मक्का की फसल भी अच्छी आई है और दाम 1900 से प्रारंभ होकर 2700 रूपए क्विंटल पर चल रहे हैं, दीपावली अवकाश के बाद गुरूवार को अशोकनगर मण्डी में मक्का की बंम्फर आवक होने की संभावना है। पूरे जिले भर में किसान अपनी मक्का लेकर मण्डियों की ओर जाते हुए देखे गए।

जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जेड़ाई निवासी कुंवरराज यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामवीर यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बामौरी भीमा निवासी मनोज अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भरत, सौरभ, रोहित, अंकित यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से भरत यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मनोज, विजय, चन्द्रभान और मनोज की मां ने उससे मारपीट की। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत त्रिलोक पुरी कॉलोनी निवासी रानू रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोमदीप यादव, रिंकू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से रिंकू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सुनील और रानु रघुवंशी ने उससे मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुन्दौरा निवासी भरोसा अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महेन्द्र, मंटू, राकेश, महेश रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राकेश रघुवंशी ने रिपोट दर्ज कराई है कि भरोसा, जितेन्द्र अभिषेक और गुडडी बाई अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छीपोन निवासी दिमान सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सरीफ, शाहरूख और आदिल खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सकवारा निवासी जितेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी करतार और अभिषेक लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ़ निवासी गोविन्द कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अनिकेत,तनिष्क, रामकुमार, राजेश और उज्जैनी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत माधौपुर निवासी गंगाप्रसाद मोगिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गौरीशंकर, सुल्तान, गीताबाई मोगिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी दीपक जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अनिल कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरई निवासी आनंद पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विकास, आकाश, लोधी और प्रदीप राय ने उससे मारपीट की और उसकी गाड़ी का कांच फोड़ दिया। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ओड़ेर निवासी सुरेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महेश और अर्पित नामदेव ने उससे मारपीट की ।

न्यायालय से जारी 4 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश



अशोकनगर। थाना प्रभारी कदवाया निरीक्षक मनीष सिंह जादौन द्वारा न्यायालय से जारी 04 स्थायी वारंटों में फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। उल्लेखनीय है कि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अशोकनगर के प्रकरण क्रमांक 236/2020 में जारी स्थायी वारंट के वारंटी पदम पुत्र किशनलाल लोधी, संजू पुत्र विष्णुप्रसाद कुशवाह उम्र 30 वर्ष एवं पवन पुत्र चम्पालाल साहू उम्र 30 वर्ष, तीनों निवासी ग्राम महुअन, तथा अरविंद उर्फ भोला पुत्र प्रकाश यादव उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम मन्हेटी, थाना कदवाया को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

एमपी एसआरडीसी के प्रबंध संचालक को भेजा गया मांग पत्र

अशोकनगर को फोरलेन हाईवे से जोड़ने की मांग ने जोर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले की जनता ने सपने देखना नहीं सीखा है सपनो को सच करने की लड़ाई भी जनता लड़ना जानती है, जनता सिर्फ जनहित के उन मागों की लड़ाई लड़ती है जो विकास के मुददों से जुड़ी हैं। ऐसे ही एक संघर्ष की शुरूआत हो रही है, जिसे जिले के जनप्रतिनिधि भी अपनी मांग का हिस्सा बना चुके हैं ,जिनमें सभी विधायक भाजपा जिला अध्यक्ष, नपा अध्यक्ष शामिल हैं। सभी ने अपनी मांग में जोर सिर्फ ज्योतिरादित्य सिंधिया को दिया है और जिले की जनता उनकी तरफ बड़ी आशाएं लगाकर बैठी है। जनता की अब सिर्फ एक ही मांग है हमें कुछ और नहीं चाहिए, हमारी मांग है कि अशोकनगर को फोर लेन हाइवे से जोड़ा जाए जो स्वीकृत है लेकिन उसकी डीपाआर तैयार कराई जाए।

मध्यप्रदेश राज्य शासन निर्माण विभाग एवं मध्यप्रदेश राज्य सड़क विकास निगम के संयुक्त प्रयास से भोपाल से ग्वालियर को जोड़े जाने वाली फोर लाइन ग्रीन फील्ड हाईवे सड़क बनाई जाने की डीपीआर तैयार किए जाने की कार्रवाई आगे बढ़ गई है, इस भोपाल ग्वालियर फोरलेन हाईवे से अशोकनगर जिला मुख्यालय को कनेक्ट किए जाने की मांग ने अब जोर पकड़ लिया है। मध्यप्रदेश राज्य सड़क विकास निगम के उप यंत्री तथा अशोकनगर जिले का कार्य देखने वाले दीपक नामदेव ने बताया कि भोपाल ग्वालियर फोरलेन ग्रीनफील्ड हाईवे बनाने की डीपीआर बनाई जाने के लिए टेंडर प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया गया है कुछ ही दिनों में इसकी डीपीआर तैयार हो जाएगी। इस मार्ग से अशोकनगर जिला मुख्यालय को कनेक्ट किए जाने के संबंध में उन्होंने बताया कि डीपीआर में एलाइनमेंट भोपाल ग्वालियर के एरियल डिस्टेंस के तहत लिया जा रहा है। यह पूरी संभावना है कि अशोकनगर जिला मुख्यालय के आसपास से यह फोरलेन ग्रीनफील्ड हाईवे निकल जावे, इसका निर्णय मध्यप्रदेश राज्य सड़क विकास निगम के वरिष्ठ अधिकारी और तकनीकी विभाग के लोग लेंगे।

10 नवंबर 2026 को मध्यप्रदेश राज्य सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक को एक विस्तृत पत्र सभी जनप्रतिनिधियों के पात्रों को संलग्न कर प्रेषित किया गया है, जिसकी प्रति संभागीय प्रबंधक एमपीआरडीसी को भी प्रेषित की गई है इसके पश्चात एमपीआरडीसी की संभागीय प्रबंधक हर्षिता वाष्णेय ने अवगत कराया है कि, अशोकनगर को हाईवे से जोड़ने के संबंध में जो मांग पत्र प्रस्तुत किया गया है उसे वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जा रहा है और जिलेवासियों की मांग को नजर अंदाज नहीं किया जाएगा उम्मीद है कि वरिष्ठ अधिकारी इस पर संज्ञान लेकर समुचित कार्रवाई अवश्य करेंगे।

अशोकनगर जिला मुख्यालय कोई भी नेशनल हाईवे से कनेक्ट नहीं जिसके कारण जिले के विकास की सारी संभावनाएं खत्म होती जा रही हैं। भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी मुरैना से नागपुर, ग्रीन फोरलेन मार्ग को स्वीकृति प्रदान कर चुके हैं, इसका टेंडर भी लग चुका है लेकिन इसकी डीपीआर तैयार नहीं हुई है। इस मार्ग को मुरैना से ग्वालियर शिवपुरी होते हुए भोपाल जाना है ऐसी स्थिति में नेशनल हाईवे के पूर्व कार्यपालन यंत्री ज्ञानवर्धन मिश्रा का कहना है कि जब भी यह मार्ग बनेगा उसके लिए नए सिरे से पूरा मार्ग बनाया जाएगा। उधर दीपक नामदेव का कहना है कि यह मार्ग शिवपुरी से ईसागढ़ अशोकनगर होते हुए सिरोंज बैरासिया के रास्ते भोपाल भी जाने की संभावना है। इन सब मांगों पर विचार हो रहा है, रास्ता कोई भी बने लेकिन जिला मुख्यालय कनेक्ट होना चाहिए तभी अशोकनगर जिले का विकास हो सकेगा।

राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने जिला चिकित्सालय व निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

टेटवाल ने वार्डों में मरीजों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य का हाल जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने बुधवार को जिला चिकित्सालय राजगढ़ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय के शिशु वार्ड, सर्जिकल वार्ड सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान राज्य मंत्री श्री टेटवाल ने वार्डों में उपचाररत मरीजों से सीधे संवाद किया तथा उनके स्वास्थ्य का हाल जाना। उन्होंने मरीजों से चिकित्सालय में मिल रही उपचार सुविधाओं, चिकित्सकीय सेवाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने एवं मरीजों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।





जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के पश्चात राज्य मंत्री टेटवाल ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज जिले के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य अधोसंरचना है। इसके पूर्ण होने से जिले के नागरिकों को बेहतर एवं उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खान तथा सिविल सर्जन रजनीश शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सड़कों पर आवारा गोवंश की मौजूदगी वाहन चालकों के लिए खतरा बनी

भाई दूज मनाने जा रहे दो युवकों की बाइक गाय से टकराई, गंभीर घायल, एक शाजापुर रेफर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

भाई दूज के पर्व पर बहनों के घर खुशियां बांटने जा रहे दो युवकों का सफर सड़क हादसे के कारण परेशानी में बदल गया। नेशनल हाईवे पर अचानक बाइक के सामने गोवंश आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक सवार 22 वर्षीय युवक और उसके साथ मौजूद 14 वर्षीय नाबालिग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस को सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार, रोहित पिता मुकाम सिंह विश्वकर्मा 22 वर्ष निवासी शुजालपुर अपने साथ 14 वर्षीय नाबालिग को लेकर भाई दूज का पर्व मनाने के लिए शुजालपुर से सारंगपुर आ रहा था। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर अचानक बाइक के सामने गाय आ गई। सामने गोवंश आने से बाइक सवार संतुलन नहीं संभाल पाए और उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना मिलने पर एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया। यहां डॉ. गार्गी मालवीय ने उनका प्राथमिक उपचार किया। रोहित विश्वकर्मा को अधिक चोटें आने के कारण चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए शाजापुर रेफर कर दिया। वहीं नाबालिग का भी उपचार किया गया।

सड़कों पर गोवंश बन रहे हादसों की वजह

नेशनल हाईवे और शहर के आसपास की सड़कों पर आवारा गोवंश की मौजूदगी वाहन चालकों के लिए लगातार खतरा बनी हुई है। अचानक सड़क पर गोवंश आ जाने से वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।



खेत पर पानी देने गए वृद्ध की कुएं में डूबने से मौत, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर। लीमाचौहान थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसवा माता में खेत पर फसल में पानी देने गए 55 वर्षीय वृद्ध की कुएं में डूबने से मौत हो गई। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजन उनकी तलाश में खेत पर पहुंचे, जहां स्वयं के कुएं में उनका शव तैरता हुआ मिला। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। लिमचोहान थाना प्रभारी नरेंद्र बेलवंशी ने बताया कि हिम्मत पटेल पिता उमराव सिंह नागर निवासी भैंसवा माता बुधवार सुबह अपने खेत पर फसल में पानी देने गए थे। रोजाना की तरह उनके घर लौटने का इंतजार किया जा रहा था, लेकिन शाम होने के बाद भी वे घर नहीं पहुंचे। इस पर परिजनों को चिंता हुई और वे उन्हें तलाशने के लिए खेत पर पहुंचे। खेत पर पहुंचकर परिजनों ने आसपास तलाश की। इसी दौरान उनकी नजर खेत स्थित स्वयं के कुएं पर पड़ी, जहां हिम्मत पटेल का शव पानी में तैरता दिखाई दिया। इसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला और तत्काल सारंगपुर सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी नरेंद्र बेलवंशी के अनुसार पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। वृद्ध की कुएं में डूबने से किन परिस्थितियों में मौत हुई, इसकी जांच की जा रही है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी का स्वागत किया

भाजपा पर साधा निशाना, सांसद जनार्दन मिश्रा का पुतला दहन कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



उदनखेड़ी में बुधवार को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री जीतू पटवारी के आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। कांग्रेस नेता रोशन खत्री के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे। स्वागत के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए रीवा से भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा के किसानों को लेकर दिए गए कथित विवादित बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि किसानों का सम्मान और उनके अधिकार सर्वोपरि हैं। कांग्रेस पार्टी किसानों के अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगी और उनके हितों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी। पटवारी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा नेता एक ओर किसानों के हितों की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर उनके जनप्रतिनिधियों के बयान किसानों की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि किसान पहले से ही उपज का उचित मूल्य, पर्याप्त बिजली और खेती से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में जनप्रतिनिधियों को किसानों का मनोबल बढ़ाना चाहिए।

सांसद का पुतला दहन कर किया विरोध प्रदर्शन

रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा के कथित किसान विरोधी बयान से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उदनखेड़ी में सांसद का पुतला दहन किया। इस दौरान भाजपा और सांसद के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि किसानों का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर रोशन खत्री, जनपद सदस्य शांतिलाल नागर, किसान नेता प्रेमसिंह राजपूत, मानसिंह गौतम, अशोक खत्री, हरिश्चंद्र शर्मा, जगदीश नागर, प्रमोद मालवीय, भारत जाटव, अंकित जैन, गुफरान मंसूरी, बिट्टू खत्री, संजय राठौर, दशरथ खत्री, कुलदीप नागर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नेता मौजूद रहे।

236 से 250 रुपए तक मांगे जाने का आरोप

गैस डायरी संशोधन के नाम पर वसूली की शिकायत पर खाद्य विभाग ने की जांच

⏭ शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज कर एजेंसी के बिल-वाउचर और सिलेंडर स्टॉक की जांच की



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

भारत गैस की योगिता गैस एजेंसी सारंगपुर में गैस डायरी संशोधन और उसे दोबारा चालू करने के नाम पर उपभोक्ताओं से 236 से 250 रुपए तक मांगे जाने की शिकायत पर खाद्य विभाग ने जांच की। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी राजगढ़ के निर्देश पर जिला सहायक आपूर्ति अधिकारी हुमा हुजुर और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अस्मिता गुप्ता अकोदिया रोड स्थित एजेंसी कार्यालय और गैस गोदाम पहुंचीं। यहां अधिकारियों ने भरे और खाली सिलेंडरों के स्टॉक के साथ वितरण रिकॉर्ड, बिल-वाउचर और अन्य दस्तावेजों की जांच की। दरअसल, नगर पड़ाना निवासी मुकेश जलोदिया और प्रद्युम्न परमार ने शिकायत की थी कि गैस डायरी संशोधन एवं उसे दोबारा चालू करने के नाम पर उनसे 236 से 250 रुपए तक मांगे गए। शिकायत के अनुसार, प्रद्युम्न परमार से डायरी चालू करने के नाम पर 250 रुपए वसूले गए। उपभोक्ताओं ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने के साथ ही खाद्य विभाग को लिखित आवेदन भी दिया था। जांच के दौरान अधिकारियों ने दोनों शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज किए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि डायरी संशोधन अथवा उसे चालू करने के नाम पर इस प्रकार की राशि वसूलने का कोई प्रावधान नहीं है।

होम डिलीवरी व्यवस्था पर भी उठे सवाल

उपभोक्ताओं ने पड़ाना में घरेलू गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि एजेंसी तीन दिन में घर पहुंच सिलेंडर देने की बात कहती है। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी भान सिंह राय ने बताया कि शिकायत पर जांच कराई गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

कार्तिक मास की अमावस्या के दो दिन बाद भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक भाई दूज का पर्व नगर में श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने विधि-विधान से अपने भाइयों का तिलक कर उनकी लंबी आयु, सुख-समृद्धि और खुशहाल जीवन की कामना की।

वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार भेंट कर उनके प्रति प्रेम और स्नेह प्रकट किया। पर्व को लेकर घरों में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कर भाई दूज की रस्म निभाई। दिनभर मिठाइयों का आदान-प्रदान होता रहा और परिवारों ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं। भाई दूज के पर्व ने भाई-बहन के पवित्र रिश्ते में प्रेम, विश्वास और अपनत्व की मिठास को और गहरा किया।

पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा किया

भैंस व पाड़ा चोरी के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार किए, 5,59 लाख की नकदी व पिकअप वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी खिलचीपुर डी.व्ही.एस. नागर के मार्गदर्शन में पुलिस थाना जीरापुर चोरों को माल एवं वाहन सहित पकड़ने में सफलता मिली।पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम रामपुरिया से भैंस एवं पाड़ा चोरी करने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी के मामले का खुलासा किया गया।

फरियादी विष्णु पिता कंवरलाल वर्मा 32 वर्ष निवासी ग्राम रामपुरिया, थाना जीरापुर ने 8 अक्टूबर कोदर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसकी भैंस एवं पाड़ा चोरी कर लिया है। फरियादी कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 360/2026 धारा 331(4) , 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया था। पुलिस द्वारा चोरों को लगातार अपने स्तर से छानबीन कर 7 नवंबर को प्रकरण में संलिप्त 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।



जिसमें मोहन पिता शंकर बागरी 40 वर्ष, निवासी ग्राम पिपल्या बिजारेल , अर्जुन पिता रामप्रसाद बागरी 23 वर्ष निवासी ग्राम मोड़ी, थाना सुसनेर , महेश पिता बालचंद राठौर 28 वर्ष निवासी ग्राम गोटड़ा थाना नलखेड़ा को गिरफ्तार कर इन आरोपियों के कब्जे से कुल 5,59,000- नकद एवं घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 4 जीए 670 जब्त किया गया। पुलिस टीम थाना प्रभारी निरीक्षक हुकुमसिंह मीणा, उनि अरुण जाट, प्रआर. अनिल नायक, प्रआर. श्यामसुंदर, प्रआर. दिलीप मीणा, प्रआर. देवीसिंह, आर. अनिल राठौर, आर. सुनील मीणा, आर. सचिन, आर. तुलसीराम, आर. मनोज, सैनिक ईश्वर, शिवप्रसाद मेरोठा की भूमिका रही। तथा सायबर सेल प्रभारी उनि जितेन्द्र अजनारे एवं उनकी टीम के प्रआर. दीपक यादव, आरक्षक अशोक राहोरिया, आरक्षक पवन, आरक्षक शुभम एवं आरक्षक रवि जाट का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन

संतों पर टिप्पणी करने वालों पर कार्रवाई की मांग

अभिव्यक्ति के नाम पर भावनाएं आहत करना गलत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सनातन धर्म एवं साधु-संतों के सम्मान की रक्षा की मांग को लेकर सिद्ध श्री सियाराम सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम संबोधित था। इसमें बागेश्वर धाम सरकार के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सहित अन्य साधु-संतों के विरुद्ध की जा रही कथित अनर्गल और आपत्तिजनक टिप्पणियों पर विरोध जताया गया।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि संतों और धार्मिक विभूतियों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले व्यक्तियों पर शीघ्र कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए भी उचित कदम उठाए जाएं।



विदिशा। सिद्ध श्री सियाराम सेवा समिति के तत्वावधान में सौंपा गया ज्ञापन।

समिति के सदस्यों का कहना था कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने और कानून का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इस दौरान पुजारी महासभा, बागेश्वर शिष्य मंडल, युवा ब्राह्मण विकास परिषद, पुजारी मठ मंदिर परिषद, सनातन धर्म रक्षा परिषद और करणी सेना के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद रहे। ज्ञापन सौंपने के दौरान संजय पुरोहित, संजय शास्त्री, नारायण प्रसाद शास्त्री, उपेंद्र महाराज, हेमंत पंडित, रामलखन शास्त्री, सौरभ सिंह राजपूत, डोकरे जी शास्त्री, रमेश चौबे, दीपक लखेरा, बागेश मिश्रा, अभिषेक आचार्य, जतिन महाराज, अजय महाराज, जितेंद्र शास्त्री और दातार सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

गायों की सार में छिपा रखा था 52 लाख का गांजा, 104 किलो के साथ युवक धराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ब्योंची गांव में पुलिस ने 52 लाख रुपए का 104 किलो गांजा जब्त किया है। मौके से 26 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है।

करारिया चौराह थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ब्योंची गांव में एक व्यक्ति ने अपने घर के सामने बनी सार में गांजा छिपाकर रखा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दी। सार से 104.14 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी की पहचान ब्योंची गांव निवासी जितेंद्र पुत्र हल्के उर्फ भारत सिंह मीणा (26) के रूप में की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



गांजे के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क की जांच

पुलिस अब पता लगा रही है कि गांजा कहां से लाया गया था और इसे कहां सप्लाई किया जाना था। आरोपी से पूछताछ कर गांजे के स्रोत और तस्करी के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। यह कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर की गई। एएसपी अधीक्षक मोनिका तिवारी और सीएसपी सुरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सीमा राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की।